आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक में वैश्विक उथल–पुथल के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि को और गति देने के उपायो पर विचार विमर्श किया।
- गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में वित्तीय गतिविधियों, भवन निर्माण और सम्पत्ति लेन–देन पर कड़ी निगरानी के साथ तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता जागरुकता के प्रति तीनों जिलों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आगामी दिनों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री और परिषद ने वैश्विक उथल–पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विचारों और उपायों पर चर्चा की। जीवन स्तर और व्यापार में सुगमता लाने के लिए विभिन्न सुधारों पर भी विचार–विमर्श किया गया। सदस्यों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के भारत और विश्व पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक संकट के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव असाधारण रूप से मजबूत बनी हुई है। श्री मोदी ने दमण में कल लगभग दो हजार नौ सौ 70 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा में कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर वित्तीय लेनदेन, भवन निर्माण और संपत्तियों की खरीद–बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने का आह्वान किया है। यह निर्देश श्री शाह की अध्यक्षता में बीएसएफ के त्रिपुरा सीमा मुख्यालय में पूर्वोत्तर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के संबंध में हुई बैठक के दौरान दिया गया। गृह मंत्री ने पिछले पाँच वर्षों के भूमि अभिलेखों की जांच कराने का भी निर्देश दिया।

श्री शाह ने कहा कि मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना राज्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कलेक्टरों और जीएसटी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और केंद्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड को नकली मुद्रा का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कृषि आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2026–27 के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत किसानों को कार्बन फाइबर टेलीस्कोपिक हार्वेस्टर की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। यह लाभ प्रति किसान एक सेट तक सीमित होगा। यह पहल द्वीपों की उष्णकटिबंधीय जलवायु को ध्यान में रखते हुए किसानों को आधुनिक और सुरक्षित कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्बन फाइबर टेलीस्कोपिक हार्वेस्टर हल्का, टिकाऊ और जंग–रोधी उपकरण है, जिसका उपयोग विशेष रूप से ऊँचे पेड़ों की फसल काटने में किया जाता है। इसका टेलीस्कोपिक डिज़ाइन किसानों को जमीन से ही फसल काटने की सुविधा देता है, जिससे पेड़ों पर चढ़ने के जोखिम को समाप्त किया जा सकता है। यह उपकरण समय और श्रम दोनों की बचत करता है। आवेदन पत्र नजदीकी कृषि उप–डिपो या जोनल कृषि कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान किसान कॉल सेंटर, कृषि कार्यालय या टेलीफोन नंबर 03192–243434 तथा टोल–फ्री नंबर 1800–345–1145 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के दूसरे चरण के अंतर्गत "स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु" अभियान 1 से 5 जून तक द्वीप समूह में आयोजित किया गया। यह अभियान ग्रामीण पंचायत निदेशालय द्वारा तीनों जिलों में संचालित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायतों में जन–जागरूकता, कचरा प्रबंधन इकाइयों का स्थल निरीक्षण एवं मूल्यांकन, ग्रामीण हितधारकों के साथ परामर्श, स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन शामिल रहा। अभियान के दौरान पंचायती राज संस्थानों, ग्रामीण समुदायों और सरकारी अधिकारियों ने भागीदारी की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भारी वर्षा और तेज हवाओं के साथ गरज–चमक वाली आंधी की संभावना जताई गई है। पूर्वानुमान के अनुसार आज और कल द्वीप समूह के एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान बिजली चमकने के साथ आंधी–तूफान की स्थिति बन सकती है। अगले सात दिनों के लिए मछुआरों हेतु विशेष चेतावनी जारी की गई है। 10 जून तक अंडमान निकोबार तटवर्ती क्षेत्रों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएँ चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसी कारण मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे इस अवधि में समुद्र में न जाएँ और तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक सतर्कता बरतें।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा आयोजित CRC लेवल समर कैंप–2026 का समापन राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजय पुरम में संपन्न हुआ। यह समर कैंप 2 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अवकाश अवधि में अपनी प्रतिभा निखारने, नए कौशल सीखने और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करना था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नृत्य, संगीत, खेलकूद, बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, योग तथा व्यक्तित्व विकास सत्र शामिल रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल नए कौशल सीखे बल्कि आत्मविश्वास और सहभागिता की भावना भी विकसित की। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने सीखे गए कौशलों का प्रदर्शन अभिभावकों एवं शिक्षकों के समक्ष किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीआरसी समन्वयक अर्चना सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के अंतर्गत संचालित अंडमान कॉलेज द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए आठ यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इनमें विभिन्न विषय शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू होकर 28 जून तक चलेगी। आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल collegeadmission.andamannicobar.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>